ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 21-06-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-06-21 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-06-22	2024-06-23	2024-06-24	2024-06-25	2024-06-26
वर्षा (मिमी)	1	15	7	5	12
अधिकतम तापमान(से.)	42.3	43.2	42.8	43.8	44.4
न्यूनतम तापमान(से.)	30.1	31.1	32.4	31.5	32.8
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	53	46	41	47	48
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	23	27	27	26	27
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	18	16	14	20	24
पवन दिशा (डिग्री)	234	214	225	257	246
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	5	6	4	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मघ्यम वर्षा की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में हल्की से मघ्यम वर्षा की सम्भावना है किसान भाई खरीफ फसलों की बुवाई के लिए एक बार मिट्टी पलटने वाले हल से तथा बाद में हेरो से 2-3 जुताई कर खेत तैयार करे

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मघ्यम वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	किसान भाई बाजरा की बुवाई के लिए एम.पी.एम.एच.17, राज-171, जी.एच.बी.905, एच.एच.बी.67 इम्प्रूड, जी.एच.बी.719, सी.जेड.पी.9802, जी.एच.बी.744, आर.एच.बी.177, एच.एच.बी.197, व आर.एच.बी.173 उन्नत किस्मों की व्यवस्था करें ।
मूँग	मूँग की बुवाई के लिए किसान भाई उन्नत किस्मों के बीजों की व्यवस्था करें। जैसे जी.एम.-4, जी.ए.एम.-5, जी.ए.एम.-6, आई.पी.एम.-02-03, एस.एम.एल-668, आर.एम.जी-344, आर.एम.जी-268, तथा के-851।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँगफली	मूंगफली की बुवाई हेतु उन्नत किस्मों की व्यवस्था करें:- एच.एन.जी-10, एच.एन.जी-123, आर.जी-425, प्रकाश, जी.जी-7, गिरनार-2 व टी.जी-37।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	भिण्डी की बुवाई के लिए अपराजिता, शक्ति, अर्का अनामिका, वर्षा उपहार व परभनी क्रांति उन्नत किस्मों के बीजों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 12 किलो बीज प्रति हैक्टेयर की दर से प्रयोग में लें। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन, 30 किलो फास्फोरस व 30 किलो पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	मौसम में बदलाव जैसे नमी की स्थिति के कारण पशु को शेड और साफ क्षेत्र में रखना चाहिए। घरेलू मक्खियों और अन्य के संक्रमण से बचने के लिए शेड के आसपास के क्षेत्र को साफ करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
बारिश के पानी का संग्रहण	जिन किसानों ने टांका बना रखा है, वे वर्षा जल संग्रह क्षेत्र को साफ एंव ठीक करें जिससे वर्षा का साफ जल ग्रहण किया जा सके।
सामान्य सलाह	कुष्माण्ड कुल की सब्जियों की उन्नत किस्मों की बुवाई करें। लौकी - यू.एस.एम.श्रवण, पूसा नवीन व पूसा मेघदूत। तोरई - पन्त तोरई-1, पूसा नसदार, पूसा चिकनी व अरका सुजात। टिन्डा - बीकानेरी गीरन, अरका टिन्डा, । बुवाई से पूर्व 2 ग्राम थाइरम से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।